Title: Need to provide full share of water from Ravi-Beas rivers to the state of Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर सभापति जी, मैं राजस्थान के किसानों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और रायसिंहनगर के अनेक किसान आज उद्वेलित और आन्दोलित हैं। इंदिरा गांधी नहर, जो राजस्थान की जीवन रेखा है, उसे पंजाब की रावी और ब्यास नदियों से जो पानी मिलना चाहिए, वह प्राप्त नहीं हो रहा है। इसलिए मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि रावी और ब्यास नदियों के जल में राजस्थान के हिस्से का पूरा जल अविलम्ब प्रदान करने के आदेश पंजाब सरकार को दिए जाएं।

मान्यवर, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के बाद हरियाणा राज्य का गठन किया गया, तब रावी और ब्यास नदियों का जो पानी है, उसके हिस्से के बारे में भी मीटिंग वगैरह हुईं और नवोदित राज्य हरियाणा और पंजाब के मध्य में 1956 में हुए समझौते के अनुसार तत्कालीन पंजाब को मिले जल के अनुसार जल का हिस्सा विभाजित किया गया था। कई बार की बैठकों के बाद, 31 दिसम्बर, 1981 को तत्कालीन प्रधान मंत्री की उपस्थिति में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य मंत्रियों के मध्य में रावी ब्यास नदियों के आधिकारिक रूप से जल के बंट्वारे का समझौता हुआ और उस समझौते के अनुसार राजस्थान का हिस्सा 8.6 एम.ए.एफ. निर्धारित किया गया था।

मान्यवर, अभी राजस्थान को केवल 8 एम.ए.एफ. जल मिल रहा है। 0.6 जल नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करना चाहूंगा कि 1981 में हुए समझौते के अनुसार राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा जल दिया जाए। अब इंदिरा गांधी नहर बन चुकी है। उसका पूर्ण विकास हो चुका है। वह पूरे जल का उपयोग करने की स्थिति में है। इसलिए मेरा भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री से निवेदन है कि पंजाब सरकार और भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन मंडल से कह कर राजस्थान के हिस्से का शेा 0.6 एम.ए.एफ. पानी दिलवाया जाए। इस बारे में कई बार पंजाब सरकार को कहा जा चुका है, कई प्रतिवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। राजस्थान के मुख्य मंत्री द्वारा दिनांक 24-01-2004, 18-03-2004 और दिनांक 18-06-2004 को माननीय जल संसाधन मंत्री और प्रधान मंत्री जी को भी पत्र लिखे जा चुके हैं।

राजस्थान के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी माननीय प्रधानमंत्री जी से इस बारे में मिल चुका है, इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि राजस्थान के हिस्से का 0.6 पानी 1981 के बाद आज तक नहीं मिला है, वह हिस्सा हम उपयोग करने की स्थिति में आ गये हैं। किसानों को कांग्रेस और कम्युनिट बन्धु भड़का रहे हैं और वहां गोलीकाण्ड जैसी परिस्थिति पैदा हो गई है। किसानों के आक्रोश को शान्त करने के लिए इन्दिरा गांधी नहर में पूरा पानी देने के लिए 0.6 बकाया पानी राजस्थान का हिस्सा अविलम्ब प्रदान किया जाये, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। धन्यवाद।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : मैं भी इस मामले में श्री रासा सिंह जी के साथ एसोसिएट करता हूं और इनकी बात का समर्थन कर रहा हूं। राजस्थान को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए, वरना वहां पर भयंकर आन्दोलन हो रहे हैं। â€¦ (व्यवधान)